Daily Current Affairs 05/08/2021

1. "हंगर हॉटस्पॉट्स" पर एक रिपोर्ट: FAO-WEP



चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, **खाद्य और कृषि संगठन (FAO)** और **विश्व खाद्य कार्यक्रम (WEP)** ने **अगस्त और नवंबर 2021** के बीच **"हंगर हॉटस्पॉट्स"** पर एक रिपोर्ट जारी की।
- मई 2021 में जारी **2021 ग्लोबल फूड क्राइसिस रिपोर्ट** ने पहले से ही तीव्र खाद्य असुरक्षा की चेतावनी दी थी।

प्रमुख बिंदु

हंगर हॉटस्पॉट्स:

- **पांच देश (इथियोपिया, मेडागास्कर, दक्षिण सूडान, उत्तरी नाइजीरिया और यमन) 23 देशों** में से हैं जहां अगस्त से नवंबर, 2021 तक खाद्य असुरक्षा की स्थिति तीव्रता से और अधिक खराब जाएगी।
- मेडागास्कर और इथियोपिया विश्व के सबसे नए शीर्ष भूख के हॉटस्पॉट हैं।

खाद्य असुरक्षा उत्पन्न करने वाले कारक:

महामारी के झटके:

- वर्ष 2020 में लगभग सभी निम्न और मध्यम आय वाले देश महामारी से ग्रसित आर्थिक मंदी से प्रभावित थे।

हिंसा:

- जनसंख्या का विस्थापन, कृषि भूमि का परित्याग, जन धन और संपत्ति का नुकसान, व्यापार एवं व्यवधान तथा संघर्षों के कारण बाज़ारों तक पहुंच की हानि खाद्य असुरक्षा की स्थिति को और अधिक बढ़ा सकती है।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- अफगानिस्तान, मध्य साहेल, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, इथियोपिया आदि में हिंसक गतिविधियों के तीव्र होने की भविष्यवाणी की गई है।
- हिंसा से मानवीय सहायता तक पहुंच बाधित होने की भी संभावना है।

प्राकृतिक खतरे:

- मौसम की चरम स्थिति और जलवायु परिवर्तनशीलता की अवधि के दौरान विश्व के कई हिस्सों के प्रभावित होने की संभावना है।

खराब मानवीय पहुंच:

- मानवीय पहुंच विभिन्न तरीकों से सीमित है, जिसमें प्रशासनिक/नौकरशाही बाधाएं, आंदोलन प्रतिबंध, सुरक्षा बाधाएं और पर्यावरण से संबंधित भौतिक बाधाएं शामिल हैं।
- वर्तमान में सबसे महत्त्वपूर्ण बाधाओं का सामना करने वाले देश, सहायता को उन लोगों तक पहुँचने से रोक रहे हैं, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है, जिनमें शामिल हैं अफगानिस्तान, इथियोपिया, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, माली आदि।

सुझाव:

- ग्रामीण आजीविका की रक्षा करना और कृषि उत्पादन में वृद्धि करना।
- नई मानवीय जरूरतों को पूरा करने से पहले अल्पकालिक सुरक्षात्मक हस्तक्षेपों को लागू किया जाना चाहिए और मौजूदा मानवीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए।

खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में भारत द्वारा उठाए गए कदम:

- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013
- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना
- वन नेशन वन राशन कार्ड:

खाद्य और कृषि संगठन (FAO) के बारे में:

- यह संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी है जो भुखमरी को समाप्त करने और खाद्य सुरक्षा और पोषण में सुधार के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्व करती है।
- **स्थापना:** 16 अक्टूबर 1945
- **मुख्यालय:** रोम, इटली

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

विश्व खाद्य कार्यक्रम (WEP) के बारे में:

- WEP संयुक्त राष्ट्र की खाद्य-सहायता शाखा है।
- **स्थापना:** 19 दिसंबर 1961
- **मुख्यालय:** रोम, इटली
- विश्व खाद्य कार्यक्रम को **2020 में नोबेल शांति पुरस्कार** से सम्मानित किया गया था।

स्रोत: DTE

2. आठवीं अनुसूची में भाषाएं



चर्चा में क्यों?

- **केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान** ने लोकसभा में आठवीं अनुसूची में भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी है।

प्रमुख बिंदु

आठवीं अनुसूची के बारे में:

- भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में भारत गणराज्य की आधिकारिक भाषाओं को सूचीबद्ध किया गया है।
- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 344 (1) और 351** के अनुसार, आठवीं अनुसूची **आधिकारिक 22 भाषाओं** की मान्यता को शामिल करती है।

आधिकारिक भाषाएं:

- असमिया, बंगाली, बोडो, डोगरी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयालम, मैतेई (मणिपुरी), मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, संथाली, सिंधी, तमिल, तेलुगु और उर्दू
- इन भाषाओं में से 14 को शुरू में संविधान में शामिल किया गया था।
- इसके बाद, सिंधी को 1967 में 21वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा जोड़ा गया।
- कोंकणी, मणिपुरी (मैतेई) और नेपाली को 1992 में 71वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा जोड़ा गया।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- बोडो, डोगरी, मैथिली और संथाली को 2003 में 92वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा जोड़ा गया था।

शास्त्रीय भाषाएं:

- वर्तमान में, **6 शास्त्रीय भाषाएँ**: **तमिल** (2004 में घोषित), **संस्कृत** (2005), **कन्नड़** (2008), **तेलुगु** (2008), **मलयालम** (2013), और **ओडिया** (2014)
- समृद्ध विरासत और स्वतंत्र प्रकृति वाली भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया जाता है।

नोट:

- **सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन लैंग्वेजेज (CIIL), मैसूर** अनुसूचित / गैर-अनुसूचित और शास्त्रीय भाषाओं सहित सभी भारतीय भाषाओं के प्रचार के लिए काम करता है।
- CIIL अपनी विभिन्न योजनाओं जैसे **राष्ट्रीय अनुवाद मिशन, भारतीय भाषाओं के भाषाई डेटा कंसोर्टियम, भारतवाणी,** आदि के माध्यम से भाषाओं के विकास के लिए काम करता है।

स्रोत: PIB

3. विद्युत वितरण सेक्टर पर NITI आयोग ने रिपोर्ट जारी की



चर्चा में क्यों?

- NITI **आयोग के उपाध्यक्ष डॉ राजीव कुमार** ने विद्युत वितरण सेक्टर पर एक रिपोर्ट जारी की।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- ***'टर्निंग एराउंड दी पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर'*** **(विद्युत वितरण सेक्टर में आमूल परिवर्तन)** शीर्षक वाली रिपोर्ट **NITI आयोग, RMI और RMI इंडिया** ने मिलकर तैयार किया है।

प्रमुख बिंदु

रिपोर्ट के निष्कर्ष:

- भारत में ज्यादातर बिजली वितरण कंपनियां (DISCOMS) हर साल घाटे में रहती हैं। वित्त वर्ष 2021 में उन्हें कुल 90,000 करोड़ रुपये का घाटा होने का अनुमान है।
- इन संचित घाटे के कारण, DISCOMS समय पर बिजली उत्पादकों का भुगतान करने, उच्च गुणवत्ता वाली बिजली सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निवेश करने या परिवर्तनीय नवीकरणीय ऊर्जा के अधिक उपयोग के लिए तैयार करने में असमर्थ हैं।
- यह रिपोर्ट कई महत्वपूर्ण सुधारों की जांच करती है, जैसे वितरण में निजी क्षेत्र की भूमिका, बिजली खरीद, नियामक निरीक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा का एकीकरण, और बुनियादी ढांचे का उन्नयन।
- रिपोर्ट संरचनात्मक सुधारों, नियामक सुधारों, परिचालन सुधारों, प्रबंधकीय सुधारों और नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण पर केंद्रित है।

DISCOMS (डिस्कॉम) की मदद के लिए सरकारी योजनाएं:

- उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय)
- दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना
- एकीकृत विद्युत विकास योजना

NITI (नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया) आयोग के बारे में तथ्य:

- **स्थापना:** 1 जनवरी 2015
- **मुख्यालय:** नई दिल्ली
- **अध्यक्ष:** नरेंद्र मोदी
- **उपाध्यक्ष:** राजीव कुमार
- **CEO:** अमिताभ कांत

रॉकी माउंटेन इंस्टीट्यूट (RMI), 1982 में स्थापित एक स्वतंत्र गैर-लाभकारी संस्था, स्वच्छ, समृद्ध और सुरक्षित निम्न-कार्बन भविष्य बनाने के लिए वैश्विक ऊर्जा उपयोग को ट्रांसफॉर्म करने में कार्यरत है।

स्रोत: PIB

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

4. CBIC ने अनुपालन सूचना पोर्टल (CIP) का शुभारंभ किया

चर्चा में क्यों?

- **केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC)** ने लगभग 12,000 सीमा-शुल्क टैरिफ मदों के लिए सीमा – शुल्क की सभी प्रक्रियाओं और नियामक अनुपालन से जुड़ी जानकारी तक निःशुल्क पहुंच प्रदान करने के लिए भारतीय सीमा- शुल्क से संबंधित **अनुपालन सूचना पोर्टल (CIP)** का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

अनुपालन सूचना पोर्टल (CIP) के बारे में:

- CIP, आयात और निर्यात में संलग्न व्यापार - जगत के साथ-साथ किसी भी इच्छुक व्यक्ति को सीमा शुल्क और सहयोगी सरकारी एजेंसियों (FSSAI, PQIS, AQIS, ड्रग कंट्रोलर इत्यादि) से जुड़ी कानूनी और प्रक्रियात्मक जरूरतों के बारे में जानकारी प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने में सहूलियत प्रदान करने वाला CBIC द्वारा विकसित एक उपकरण है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) के बारे में:

- केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (पूर्व में केंद्रीय उत्पाद और सीमा शुल्क बोर्ड) वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के राजस्व विभाग का एक हिस्सा है।
- यह सीमा शुल्क, केंद्रीय उत्पाद शुल्क, CGST और IGST की वसूली और संग्रह और तस्करी की रोकथाम से संबंधित नीति तैयार करने के कार्यों से संबंधित है।

स्रोत: PIB

5. पश्चिम बंगाल ने चार स्कॉच पुरस्कार प्राप्त किये

SCOCHAWARD

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams

Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

चर्चा में क्यों?

- **पश्चिम बंगाल सरकार** ने हुए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (कारोबार में सुगमता) पहल के तहत अपनी योजनाओं के लिए **चार स्कॉच पुरस्कार** प्राप्त किये।

प्रमुख बिंदु

- **राज्य योजना** द ऑनलाइन सिंगल विंडो पोर्टल- **'शिल्प साथी'** ने **प्लेटिनम पुरस्कार** जीता।
- **द ऑटो रिन्यूअल ऑफ़ सर्टिफिकेट ऑफ़ एनलिस्टमेंट थ्रू एन ऑनलाइन सिस्टम फॉर अर्बन एरियाज** ने **गोल्ड पुरस्कार** प्राप्त किया।
- **ऑनलाइन इस्सुंस ऑफ़ ट्रेड लाइसेंस इन रूलर एरियाज** और **ई-नथिकरण:** द ऑनलाइन सिस्टम फॉर रजिस्ट्रेशन, प्रिपरेशन एंड सबमिशन ऑफ़ डीड्स ने **दो सिल्वर पुरस्कार** जीते हैं।

स्कॉच पुरस्कार के बारे में:

- स्कॉच पुरस्कार, स्वतंत्र रूप से 2003 में स्थापित किया गया था, यह भारत का ईमानदार नागरिक सम्मान है जो एक स्वतंत्र संगठन द्वारा तीसरे पक्ष के मूल्यांकन के रूप में प्रदान किया जाता है।
- यह देश में एकमात्र ऐसा पुरस्कार है जो साक्ष्य के आधार पर महसूस-आवश्यकता मूल्यांकन और परिणाम मूल्यांकन पर आधारित है।
- यह लोगों, परियोजनाओं और संस्थानों को प्रदान किया जाता है।

स्रोत: न्यूज़ऑनएयर

6. पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित डोगरी लेखिका पद्मा सचदेव का निधन

- प्रख्यात लेखिका और पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित **डोगरी भाषा** की **पहली आधुनिक महिला कवयित्री पद्मा सचदेव**, का निधन हो गया।
- उन्होंने डोगरी और हिंदी में कई किताबें लिखीं और उनके कविता संग्रहों में 'मेरी कविता, मेरे गीत' ने 1971 में उन्हें **साहित्य अकादमी पुरस्कार** दिलाया।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- उन्हें 2001 में **पद्म श्री** से सम्मानित किया गया और मध्य प्रदेश सरकार ने 2007-08 में कविता के लिए **कबीर सम्मान** दिया।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

Gradeup

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now